दिनांक 11 सितंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शव वाहन दे रहा है अपनी निरंतर सेवाएं, कोरोना योद्धा के रूप में कार्य कर रहे है शव वाहन के कर्मचारी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों से शव वाहन की मांग आती है, तत्परता से निगम के वाहन विभाग के कर्मचारी शव वाहन उपलब्ध कराते हैं और वाहन चालक पूरे जज्बे के साथ अपने कार्य में लगे हुए हैं, वाहन विभाग के कर्मचारी सुभाष साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि शव वाहनों में इंधन की पर्याप्त उपलब्धता है, इंधन की वजह से इस कार्य में कोई भी बाधा नहीं आ रही है! निगम के वाहन शाखा में 5 शव वाहन मौजूद है, जिसमें सैनिटाइजिंग की पर्याप्त व्यवस्था है तथा प्रत्येक ट्रिप के बाद वाहन की धुलाई एवं सफाई की जाती है! शव वाहन की जरूरत होने पर निगम के वाहन शाखा के कर्मचारी सुभाष साहू के मोबाइल नंबर 9303663731 एवं पीलेंद्र कुमार मिश्रा के मोबाइल नंबर 9301326292 पर संपर्क कर सकते हैं!

कोरोना संक्रमित शव के लिए पृथक से वाहन उपलब्ध

कोरोना संक्रमित शव के लिए दो अतिरिक्त वाहन की व्यवस्था निगम प्रशासन की ओर से की गई है, इसके अलावा एक और अन्य वाहन में निगम के कोरोना योद्धा बैठकर शव की अंतिम क्रिया के लिए रवाना होते हैं! निगम क्षेत्र में इस प्रकार से कुल 8 वाहन इस कार्य में निरंतर अपनी सेवा दे रहे है! गरीबी रेखा कार्ड वाले परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर शव वाहन के लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है!

जनसंपर्क अधिकारी